हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 20 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 29.3 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

9 शिविरों में 21 लोगों की समस्याओं का किया समाधान



10 पांच आजाद प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस ...



## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में पुलिस आरोपी राहुल उर्फ पव्वा को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सैल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने टांगरी बांध के पास नाकाबंदी कर आरोप सुमित सरीन को 20 ग्राम 40 मिलिग्राम हेरोइन समेत काबू किया था।अब पुलिस ने इस मामले में रोहित को काबू किया।

### तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज लड़ाई झगड़े कर जान से मारने की धमकी देने के मामले पुलिस ने आरोपी तुषार, माधव व लक्षित उर्फ बॉबी को गिरफ्तार किया है। कैलाश नगर के वेंकेटस मलिक ने शिकायत दर्ज करवाई कि 17 फरवरी 2025 को आरोपी तुषार, माधव, लक्षित उर्फ बोबी व अन्य ने मॉडल टाउन में उस पर हथियार से हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### अवैध खनन में लिप्त आठ वाहन जब्त

**घरौंडा।** खनन और एनफोर्समेंट विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से बीती शाम जिला के गांव मुंडो गढ़ी में अवैध खनन में लिप्त आठ वाहनों को जब्त किया है। इनके मालिकों पर करीब 17 लाख रुपये जुर्माना किया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि दोनों विभागों की संयुक्त टीम ने बीती शाम मुंडो गढ़ी नदी तल क्षेत्र में अवैध खनन में लिप्त 6 खाली ट्राली, एक ट्रैक्टर ट्राली और एक ट्रैक्टर को जब्त किया है।

### पानीपतः पार्किंग में खडी कार में आग लगी

**पानीपत।** पानीपत के कोर्ट कांप्लेक्स में स्थित वकीलों की पार्किंग में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। पार्किंग में खड़ी उद्यमी शंभू लखिना की कार को आग ने अपने कब्जे में ले लिया। आग लगने की सूचना वहां खड़े लोगों ने बार के वकीलों को दी। जिसके बाद बार के स्पीकर में इसका अनाउंसमेंट किया गया और पार्किंग से गाड़ियां हटाने को कहा गया।

### पुलिस अफसर ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पुलिस के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राममेहर शर्मा निवासी गांव गांजबड जिला पानीपत ने बुधवार सुबह पानीपत स्थित घर में फंदा लगा लिया। जब तक घर में मौजूद पत्नी और बेटी को पता चलता, शर्मा की मौत हो चुकी थी। सुसाइड करने वाले राममेहर शर्मा का बेटा पंद्रह दिन पहले ही विदेश गया था। वहीं शर्मा करनाल के घरौंडा थाने में डायल-112 पर तैनात था। उसकी ड्यूटी करनाल में नेशनल हाईवे-तीन पर थी। इधर, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद राममेहर शर्मा का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मादक पदार्थ सहित तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गश्त के दौरान अनिल उर्फ काला पुत्र रणबीर निवासी गांव जागसी जिला सोनीपत को 318 ग्राम चरस नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है।

### चोरी की कार और पिस्तौल के साथ पकड़ा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना पर नाकाबंदी कर चोरी की बेलेनो कार व लोडेड देसी पिस्तौल सहित आरोपी गौरव निवासी भगत सिंह कॉलोनी नजदीक कालुपुर चुंगी सोनीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी से खुलासा हुआ उसको चोरी की कार व लोडेड देसी पिस्तोल यूपी पहुंचाने की एवज में कार चोर गिरोह के आरोपियों से 50 हजार रुपये मिलने थे।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अल्ट्रा साउंड सेंटरों का किया निरीक्षण

# भ्रूणलिंग जांच एवं नियमों की अवहेलना हुई तो संचालकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

- स्वास्थ्य विभाग, महिला एंव बाल विकास विभाग के साथ-साथ आरबीएसके टीम में शामिल सभी अधिकारियों की बैठक ली
- कन्या भ्रूण हत्या जैसे मामले को रोकने के लिए लोगों को विस्तार से जानकारी दी जाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुरुक्षेत्र के अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की जांच का कार्य शुरू कर दिया है। इस जिले के सभी 57 अल्ट्रसाउंड केन्द्रों की जांच रिपोर्ट आगामी 7 दिनों में प्रशासन को सौंपी जाएगी। अहम पहलु यह है कि उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशानुसार और सीएमओ डा. सुखबीर सिंह के मार्गदर्शन में एक निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया है। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने बुधवार को दोपहर बाद स्वास्थ्य विभाग, महिला एंव बाल विकास विभाग के साथ-साथ आरबीएसके टीम में शामिल सभी अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में सीएमओ ने सभी एसएमओ को महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से मिलकर ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से सरकार की योजनाओं पर समीक्षा करने के आदेश दिए और कहा कि आरबीएसके टीम जिले में चल रही योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की चैकिंग करेगी ताकि दोनों टीमों की चैकिंग रिपोर्ट का मिलान किया जा सके। सीएमओ ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए और कन्या भ्रूण हत्या जैसे मामले को रोकने के लिए लोगों को विस्तार से जानकारी दी जाए। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने विभागीय उपलब्धियों को अधिकारियों के समक्ष रखा। इतना ही नहीं इस बैठक में उपायुक्त नेहा सिंह द्वारा दिए गए आदेशों के अनुसार आगामी 7 दिनों में जिले के सभी अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की जांच रिपोर्ट सौंपने के विषय पर चर्चा की गई। इन आदेशों की पालना करते हुए सीएमओ डा. सुखबीर सिंह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न विभागों टीम के साथ मिलकर शहर के एक निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। डिप्टी सीएमओ डा. रमेश सभ्रवाल ने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशानुसार और सीएमओ डा. सुखबीर सिंह के मार्गदर्शन में शहर के एक निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र का निरीक्षण किया है। इसकी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर के सभी 57 अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की जांच का कार्य किया जा रहा है, जहां कहीं भी अनियमिता पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

# 5 मार्च को होगा इग्नू का दीक्षांत समारोहः डॉ धर्म पाल

### शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के 38वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 5 मार्च 2025 को इग्नू मुख्यालय एवं पुरे देश भर के 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर होने जा रहा है। उनमें से क्षेत्रीय केन्द्र करनाल भी शामिल है। इग्नू के 38वें दीक्षांत समारोह में मुख्यालय नई दिल्ली पर माननीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा मंत्री, भारत सरकार अपनी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। डॉ.धर्म पाल ने बताया कि जो विद्यार्थी सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2023 एवं जून 2024 में अपना कार्यक्रम पूर्ण कर चुके है वें 38वें दीक्षांत समारोह के लिए अपना पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल पर रु 600/- देकर 25 फरवरी तक करवा सकते है। उन्होंने बताया की लगभग 313770 (तीन लाख तेरह हजार सात सौ सत्तर) प्रतिभागियों को उपाधि ( डिग्री/ सर्टिफिकेट) प्रदान की जाएगी। जिसमें क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत लगभग 22262( बाईस हजार दौ सौ बासठ) प्रतिभागि उपाधि (डिग्री/ सर्टिफिकेट) लेने के लिए पात्र है समारोह में केवल 300 विद्यार्थियों को डिग्री देने के लिए बुलाया जायेगा बाकि सभी विद्यार्थियों को डिग्री डाक द्वारा उनके पते पर भेजी जाएगी



## महिला के गले से छीना मंगलसूत्र

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुडा सेक्टर 15 में देर शाम बाइक सवार दो युवकों ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हुड्डा सेक्टर 15 निवासी ट्विंकल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंगलवार शाम साढ़े छह बजे सेक्टर में किसी काम से जा रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपी युवक उसके गले से मंगलसूत्र छीन कर भाग गए। उसने शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## गल्फ फूड मेले मे तीसरे दिन भी तरावड़ी के स्टालों पर भारी भीड़



**तरावड़ी।** दुबई में चल रहे गल्फ फूड मेले का आज तीसरा दिन है तथा तरावड़ी शहर के कई चावल एक्सपोर्टरों ने वहां पर अपने-अपने चावलों के ब्रांड के स्टाल लगाए हुए हैं। तरावड़ी मे राइस एक्सपोर्टर अपनी मिलों मे किया गया तैयार बासमती चावल मेले मे अपने अपने ब्रांडों मे पैक करके मेले मे स्टालों के माध्यम से विदेशी व्यापारियों के साल भर के सौदे करते है। विदेशों मे तरावड़ी का चावल नः वन मे बिकता है। शहर के चावल व्यापारियों के लगे स्थान पर विदेशी व्यापारियों की भीड़ जमी हुई है। जिसमें विदेशी व्यापारी साल भर के लिए तरावड़ी के चावल एक्सपोर्टरों से सौदे करते हैं। अब की बार इस मेले में शहर के चावल एक्सपोर्टर डबल चाबी बासमती, गैलेक्सी बासमती चावल, बी डी ओवरसीज, 521 फूड प्रोडक्ट्स भारत सीरियल, भारत इंडस्ट्रियल, शिव शक्ति इंटर ग्लोबल, श्री राम ग्रुप के अलावा कई चावल व्यापारियों ने दुबई में इस गल्फ मेले में अपने ब्रांडों के स्टॉल लगाए हुए हैं। के. एस. एग्रो एक्सपोर्ट प्रा. लि. व डबल चाबी बासमती चावल के निर्माता सीएमडी बृजभूषण गोयल व पुष्कर गोयल ने कहा कि इस तरह के गल्फ मेले के प्लेटफार्म पर विदेशी चावल व्यापारियों को चर्चा करने का अवसर मिल जाता है तथा हर व्यापारी प्रयास करता है।



## कुरुक्षेत्र में किसानों को शरीर व फसल को सुरक्षित रखने की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** निकटवर्ती गांव भूस्तला में बुधवार को इंसेक्टिसाइड्स इंडिया लिमिटेड के द्वारा उत्पादन प्रबंध दिवस के रूप में सतर्क जागरूकता अभियान चलाया गया। इंसेक्टिसाइड्स इंडिया लिमिटेड की और रीजनल मैनेजर संदीप कुमार व गौरव मालिक की उपस्थिति में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी में उपस्थित किसानों को शरीर व फसल को सुरक्षित रखने की जानकारी दी गई जिसमें स्प्रे करते समय पी पी ई किट व घोल बनाते समय हाथ में दस्ताने व लकड़ी के डंडे का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई।

## नशा तस्करों पर पुलिस का वार, नशीले कैप्सूल्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक आरोपी को काबू किया गया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 648 नशीले कैप्सूल जब्त किए हैं। एचएसएनसीबी के प पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह ने बताया कि एनसीबी यूनिट की एक टीम यमुनानगर-पंचकूला हाईवे पुल के नीचे अंबाला रोड शहजादपुर पर मौजूद थी। पुलिस को ख़ुफ़िया सूचना मिली थी कि एक युवक जो की अंबाला का ही रहने वाला है वो नशे के कैप्सूल को बेचने का काम करता है। सूचना मिलने पर तुरंत नाकाबंदी की गई। आरोपी को काबू कर उसकी पहचान हरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत उर्फ रैंबो के तौर पर हुई है। आरोपी की तलाशी लेने पर 648 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत थाना शहजादपुर में अभियोग दर्ज किया।



## कहासुनी होने पर युवक को पीटकर किया घायल

- पुलिस ने आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव जयधर में कहासुनी होने पर आधा दर्जन युवकों ने गांव मलिकपुर खादर निवासी हसन को पीट कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी आधा दर्जन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मलिकपुर खादर निवासी हसन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 15 फरवरी को किसी काम से गांव जयधर गया हुआ था। इस दौरान वहां पर उसकी गांव जयधर निवासी रोहित के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर आरोपी ने अपने साथी मेहताब, वंश, हर्ष, हुसैन व सोहिल के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने पानीपत में 15 कंक्रीट प्लांट बंद करवाए

**पानीपत।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानि एनजीटी की सख्ती के चलते हरियाणा प्रदूषण नियंणत्र बोर्ड ने रिफाइनरी क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे 15 कंक्रीट प्लांट को बंद करवा दिया है। बोर्ड ने पहले जहां अवैध रूप से चल रहे 50 रेडिमिक्स कंक्रीट प्लांट (आरएमएस) के खिलाफ रिपोर्ट दाखिल की थी। अब विभाग की ओर से करीब दो माह बाद एक्शन टेकन रिपोर्ट भी दाखिल की गई है। विभाग ने अपनी कार्रवाई में बताया कि उन्होंने पानीपत में संचालित 17 अवैध प्लांट पर एक्शन लिया है। जिनमें से 15 प्लांट पर ताला जड़ दिया गया है, जबकि दो प्लांट के नियम पूरे होने के चलते उनके लाइसेंस की आखिरी तारीख तक चलने की हिदायत दी गई है। वहीं बोर्ड की ओर से बंद किए गए 15 प्लांट पर विभाग ने 1.40 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना भी लगाया है। इन प्लांट से वायु प्रदूषण तो फैल ही रहा था, साथ ही ये जल प्रदूषण भी फैला रहे थे। भूमिगत जल का दुरुपयोग भी किया गया। इस संबंध में पानीपत के गांव ददलाना निवासी दीपक ने इस मामले में एनजीटी में याचिका दायर की थी। अपनी याचिका में दीपक पुत्र चंद्रभान ने बताया था कि ये प्लांट अनाधिकृत रूप से चल रहे हैं। इससे आसपास में वायु प्रदूषण होता है, साथ ही भूमिगत जल का दोहन किया जा रहा है। इसके लिए किसी अथॉरिटी से स्वीकृति नहीं ली गई है। वहीं, दीपक की याचिका को संज्ञान में लेते हुए एनजीटी ने जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में जॉइंट कमेटी का गठन किया तथा याचिका तथ्यात्मक रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए।

## अलग-अलग स्थानों से शादी का झांसा देकर दो युवतियों को किया अगवा, केस

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर युवकों ने शादी का झांसा देकर दो युवतियों का अगवा कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 21 वर्षीय लड़की 16 फरवरी को किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को राम सिंह नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, रादौर थाना क्षेत्र एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 20 वर्षीय लड़की 16 फरवरी को रात का खाना खाकर अपने कमरे में सो गई थी। सुबह जब वह उठे तो उन्हें अपनी लड़की कमरे से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को राजेश शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अलमारी में रखा सोने का सेट चोरी

**यमुनानगर।** कस्बा बुढ़िया में एक युवक ने घर में घुसकर अलमारी में रखा सोने का सेट चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़िया निवासी रवि कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जनवरी को वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। जब वह वापस लौटे तो उन्हें अलमारी की तरफ ध्यान नहीं दिया। अलमारी में उसकी पत्नी का सोने का सेट रखा हुआ था। अब जब उन्हें शादी समारोह में जाना था तो वह अलमारी में रखा सोने का सेट देखने लगे मगर उन्हें अलमारी में रखा सोने का सेट गायब मिला। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि यह सोने का सेट विक्की नाम की युवक ने चोरी किया है। चोरी हुए सोने के सेट की कीमत एक लाख 20 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### कुरुक्षेत्र में 3 फरवरी 2021 को वारदात को अंजाम

# हत्या के 6 दोषियों को आजीवन कारावास



गोलियां चलाकर किया था मर्डर, कोर्ट ने 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के आरोपी सौरव, राहुल व आशीष उर्फ रमन वासीयान अमीन जिला कुरुक्षेत्र, संजीव उर्फ संदीप व राजू उर्फ संजय वासीयान डहौर जिला मुज्जफरनगर यूपी तथा अमित वासी सकोती जिला मेरठ यूपी को आजीवन कठोर कारावास व जुमार्ने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 3 फरवरी 2021 को साहिल वासी अमीन जिला कुरुक्षेत्र ने थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। उसके बड़े भाई रवि का 2 साल पहले गांव में झगड़ा हुआ था जिसके लिए वह 2 साल के लिए जेल में बन्द रहा था तथा जमानत पर जेल से आया हुआ था। 3 फरवरी 2021 को उसका भाई कार में किसी काम के लिए कुरुक्षेत्र जा रहा था। जब वह सलारपुर रोड के पास गीता निकेतन स्कूल के पास पहुंचा तो 4/5 लड़कों ने उसके भाई के ऊपर जान से मारने की नीयत से गोलियां चला दी। घायल रवि को इलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल ले जाया गया जहां पर ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच की गई। तफ्तीश के दौरान आरोपी सौरव, राहुल व आशीष उर्फ रमन वासीयान अमीन जिला कुरुक्षेत्र, संजीव उर्फ संदीप व राजू उर्फ संजय वासीयान डहौर जिला मुज्जफरनगर यूपी तथा अमित वासी सकोती जिला मेरठ यूपी को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में कर दिया गया था। अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी सौरव, राहुल व आशीष उर्फ रमन वासीयान अमीन जिला कुरुक्षेत्र, संजीव उर्फ संदीप व राजू उर्फ संजय वासीयान डहौर जिला मुज्जफरनगर यूपी तथा अमित वासी सकोती जिला मेरठ यूपी को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 120-बी के तहत आजीवन कारावास व 20/20 हजार रुपये जुमार्ना तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 4 माह के अतिरिक्त साधारण कारवास की सजा भुगतनी होगी।

## छेड़छाड़ करने वाले पिता को 5 साल की कैद

**पानीपत।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुखप्रीत सिंह की पॉस्को एक्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पानीपत के एक गांव बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने के दोषी पिता को पांच साल के कठोर कारावास की सजा दी और दोषी पर ने 25 हजार रुपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को पांच माह की अतिरिक्त कारावास भोगाना होगा। वहीं जज सिंह की अदालत ने इस मामले में तीन माह चार दिन की समयावधी में दोषी को सजा दी है। इस मामले में गत वर्ष 15 नवंबर को लडकी की मां की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने आरोपी पिता पर केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

**होगा फायदा** | नर्सिंग करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को होगा फायदा

# जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा नौवीं से शुरू होगा हेल्थ केयर सब्जेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय गुलाबगढ़ में विद्यार्थी अब हेल्थ केयर सब्जेक्ट की पढ़ाई भी कर सकेंगे। जो विद्यार्थी नर्सिंग का कोर्स करने के इच्छुक हैं उन्हें इसका काफी फायदा होगा। यह सब्जेक्ट अगले साल विद्यालय में शुरू हो जाएगा। इसके लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में पांच बेड की हेल्थ केयर लैब भी बनाई जा रही है। इसके लिए विद्यालय में लैब का निर्माण शुरू हो चुका है। अस्पताल का निर्माण होने से विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को काफी फायदा होगा। इसके साथ ही बीमार विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी नजर रखी जा सकेगी। जवाहर नवोदय विद्यालय को गत वर्ष ही पीएम श्री का दर्जा मिला था। जिले में एकमात्र पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खंड प्रतापनगर के गुलाबगढ़ में है।

गुलाबगढ़ स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय



जिसमें छठी कक्षा से 12 वीं कक्षा तक विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। छठी से 12वीं कक्षा तक स्कूल में करीब 526 विद्यार्थी पढ़ते हैं। इसमें रह कर विद्यार्थी मेडिकल व नॉन मेडिकल की पढ़ाई करते हैं। काफी छात्र-छात्राएं ऐसे हैं जो नर्सिंग में जाना चाहते हैं। यह सीबीएसई का ही एक सब्जेक्ट है। इसके लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में पांच बेड की हेल्थ केयर लैब का निर्माण किया जा रहा है। इस लैब में विद्यार्थियों को ओपीडी, आईपीडी, बॉडी टेंपरेचर, ऑक्सीजन सिलिंडर के प्रकार व इस्तेमाल करने की जानकारी समेत कोर्स से संबंधित अन्य ट्रेनिंग दी जाएगी। हेल्थ केयर लैब का निर्माण तेजी से चल रहा है। अगला शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले इसमें कोर्स से संबंधित सारे मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### नर्सिंग ऑफिसर की स्कूल में होगी तैनाती

हेल्थ केयर सब्जेक्ट शुरू होने से जवाहर नवोदय विद्यालय में अलग से नर्सिंग ऑफिसर की व्यवस्था की जाएगी। इससे यह फायदा होगा कि जिन विद्यार्थियों को ज्यादा तबीयत खराब होने पर पीएचसी, सीएचसी या जिला अस्पताल में रेफर किया जाता है उन्हें स्कूल परिसर में बनने वाले हेल्थ केयर क्लीनिक में ही भर्ती किया जा सकेगा।

### मेडिकल से संबंधित जानकारी दी जाएगी

अगले सत्र से स्कूल में नर्सिंग कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए हेल्थ केयर सब्जेक्ट शुरू होने जा रहा है। इसके लिए स्कूल परिसर में हेल्थ केयर लैब के भवन का निर्माण चल रहा है। इसमें नर्सिंग का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को मेडिकल से संबंधित सारी जानकारी दी जाएगी। -प्राचार्य सुरेंद्र शेखावत, जवाहर नवोदय विद्यालय गुलाबगढ़

## खबर संक्षेप



### निगम चुनाव में मेयर पद के लिए 4 प्रत्याशी मैदान में

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए अब कुल 4 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए है। जिनमें से पार्टी प्रत्याशियों को छोड़कर शेष 2 निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अबंटित कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के चुनाव में मेयर पद के लिए 4 उम्मीदवारों में से भारतीय जनता पार्टी से रेनू बाला, इंडियन नेशनल कांग्रेस से मनोज कुमार तथा निर्दलीय उम्मीदवारों में यश देव व मुकेश रघुवंशी का नाम शामिल है। इन 2 निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह दे दिए गए है। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा तथा 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किये जाएंगे। उक्त वार्डो की जनता से अपील की कि वे चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने में अपना पूर्ण सहयोग दें तथा आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें।

### समृद्ध किसान समुदाय बनाने की प्रतिबद्धता

**करनाल।** बीयर और पेय कंपनी एबी इनबेव इंडिया ने अपने 5वें वार्षिक जौ उत्पादक दिवस का आयोजन किया, जिससे उसने अपने स्मार्ट बारले प्रोग्राम के जरिए एक मजबूत और समृद्ध किसान समुदाय बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया। कुल 2,000 से भी ज्यादा किसानों की भागीदारी के साथ इस पहल ने हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में जौ की खेती को काफी बढ़ावा दिया है। ये सभी क्षेत्र मिलकर भारत के कुल जौ उत्पादन में 50% से भी ज्यादा का योगदान देते हैं। इस आयोजन में किसानों को ज़रूरी कौशल, बेहतर कनेक्टिविटी और वित्तीय स्थिरता देकर समृद्ध समुदाय और मजबूत कृषि आपूर्ति श्रृंखला बनाने के प्रति एबी इनबेव की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया गया।

### उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन प्रदान करेगा रियलमी का पी3सीरीज

करनाल। रियलमी ने पी3 सीरीज 5जी पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3 गुना 5जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूज़र्स को सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है।फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता ने कहा कि /''हम रियलमी पी3 सीरीज 5जी को फ्लिपकार्ट पर लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं, यह हमारे ग्राहकों को नए इनोवेशन के साथ-साथ बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस देने का वादा करते हैं। रियलमी के साथ, हम डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी के मामले में हमेशा कुछ नया करना चाहते हैं।

#### अब इंद्री में चेयरमैन पद व 11 वार्डों में नगर पार्षद का होगा चुनाव


# नगर पालिका इंद्री के चुनाव में तीन पार्षद बने निर्विरोध

हरिभूमिन्यूज ▸▸| इंद्री

नगर पालिका इंद्री के चुनाव मे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह मिल जाने के बाद शहर मे चुनावी माहौल तेज हो गया है । इंद्री के 14 वार्डो मे से 3 वार्डो मे एक- एक प्रत्याशी रहने के कारण तीन नगर पार्षद निर्विरोध चुने गए है । अब इंद्री मे नपा का चुनाव चेयरमैन पद व इंद्री के 11 वार्डो मे दो मार्च को होगा । जिसके लिए अधिकारियों ने चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए है। गौरतलब है कि नगर पार्षद के लिए 76 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। नामांकन वापिस लेने की प्रक्रिया के दौरान नगर पार्षद पद के प्रत्याशियों में से 29 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापिस ले लिए है। नामांकन पत्र वापिस लेने की प्रक्रिया के दौरान नगर पालिका के नगर पार्षद पद के लिए सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। इंद्री के एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अशोक मुंजाल ने बताया कि नगर पालिका के वार्ड नम्बर 2, 4 व वार्ड नम्बर-14 में प्रत्याशियों के बीच आपसी सर्वसम्मति हो गई है। उन्होने बताया कि नामाकंन वापिस लेने के अंतिम दिन बुधवार को इंद्री नगर पालिका में अध्यक्ष पद के 4 प्रत्याशियों में से अब केवल 3 प्रत्याशी जसपाल, राकेश कुमार व कर्मबीर चुनाव मैदान में रह गए है। जबकि अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया।

### इन वार्डो से निर्विरोध नगर पार्षद बने

इंद्री के वार्ड 2 से शशि कांता निर्विरोध नगर पार्षद चुनी गई । समाजसेवी शशि कांता का यह चौथा चुनाव था और लगातार चौथी बार नगर पार्षद बनी है। शशिकांता ने बताया कि उसने अपना पहला चुनाव 2008 मे लड़ा था जीत हासिल कर समाज सेवा के कार्यो मे लग गई जिसके फलस्वरूप उसने 2013 व 2018 मे चुनाव लड कर जीत हासिल की और अब चौथी बार निर्विरोध नगर पार्षद बनी। इंद्री के वार्ड 4 से अनिल कुमार निर्विरोध नगर पार्षद चुने गए। अनिल कुमार ने बताया कि वे पहले भी एक बार पार्षद रह चुके है और लगातार समाज सेवा के कार्य कर रहें है । उन्होने निर्विरोध नगरपार्षद बनाने पर शहर वासियों का धन्यवाद किया । इंद्री के वार्ड 14 से जितेंद्र कुमार निर्विरोध नगर पार्षद चुने गए । जितेंद्र कुमार पेशे से व्यापारी है । उन्होने पहली बार नगर पार्षद के लिए नामांकन किया और निर्विरोध नगर पार्षद बने । जितेंद्र कुमार ने बताया की पार्षद बनकर वे अपने वार्ड मे तत्परता से विकास कार्य करवाएंगे । निर्विरोध बने 2 नगर पार्षद अनिल कुमार व जितेंद्र कुमार पूर्व मंत्री भीमसैन मेहता के फार्म हाउस पर पहुंचे और पूर्व मंत्री भीमसैन मेहता से मिलकर मिठाई बांटकर जीत की खुशी का इजहार किया ।





इंद्री। इंद्री के वार्ड 2 की पार्षद शशिकांत का मुंह मीठा करवाती महिलाएं व इंद्री के वार्ड नंबर 4 व वार्ड नंबर 14 के पार्षद पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता के साथ खुशी का इजहार करते हुए ।

### वार्ड-8 में संकल्प भंडारी और वार्ड-11 में संजीव मेहता निर्विरोध चुने गए पार्षद : यश जालुका



करनाल। नगर निकाय चुनाव के आरओ एवं एडीसी यश जालुका ने बताया कि करनाल नगर निगम के वार्ड 8 और वार्ड 11 में पार्षद पद के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए है। दोनों उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी की सीट पर चुनाव लड़ रहे थे। उन्हें निर्विरोध चुने जाने पर जीत का सर्टिफिकेट दिया गया।आरओ एवं एडीसी यश जालुका ने बताया कि वार्ड 8 से भाजपा प्रत्याशी संकल्प भंडारी निर्विरोध पार्षद चुने गए हैं। वहीं वार्ड नंबर-11 से भाजपा प्रत्याशी संजीव मेहता निर्विरोध पार्षद चुने गए हैं।

## विधायक आनंद ने पार्षदों के चुनावी कार्यालयों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज करनाल

■ जगमोहन बोले- रिकॉर्ड मतों से होगी जीत

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने बुधवार को नगर निगम चुनाव के लिए पार्षदों के चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन किया। उन्होंने सर्वप्रथम वार्ड-4 स्थित कर्ण विहार में भाजपा उम्मीदवार भूपेंद्र नौतना के कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके उपरांत उन्होंने वार्ड-7 स्थित अशोक नगर में भाजपा उम्मीदवार जोगिंद्र शर्मा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ-साथ उन्होंने वार्ड 18 में पार्षद पद के प्रत्याशी हरजीत सिंह लाड्डी संधू के चुनावी कार्यालय का भी उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ मेयर पद की उम्मीदवार रेनू बाला गुप्ता भी मौजूद रही। इस दौरान संबोधित करते हुए विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत दर्ज करेगी।

## नोमीनेशन वापस लेने को लेकर भाजपा और कांग्रेस में ठनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

करनाल में नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस नॉमिनेशन वापस लेने के आखिरी दिन पंचायत भवन में दोनों पार्टियों के लोग आमने-सामने हो गए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने वार्ड-12 से पार्षद के लिए नॉमिनेशन भरने वाले जसपाल गोल्डी को किडनैप करके उन पर नामांकन वापस लेने का दबाव डाला। शुरू में गोल्डी नॉमिनेशन वापस लेने के इच्छुक दिख रहे थे लेकिन बाकी कांग्रेसी नेताओं के पंचायत भवन पहुंचते ही वह अपना नॉमिनेशन वापस लेने से मुकर गए। इसके बाद कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर कहासुनी हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जसपाल गोल्डी की कार को भी रोक लिया। हंगामे की सूचना के बाद डीएसपी की अगुवाई में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मौके पर मौजूद कांग्रेस नेताओं ने इस बारे में पुलिस को शिकायत दे दी। अब पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच करेगी। दूसरी ओर, भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताया है करनाल पंचायत भवन में बुधवार को पार्षद पदों के लिए नॉमिनेशन वापस लेने का आखिरी दिन था। करनाल नगर निगम के वार्ड-12 से पार्षद पद के लिए नॉमिनेशन करने वाले जसपाल गोल्डी अपनी कार में पंचायत भवन पहुंचे थे। भाजपा नेताओं का दावा था कि जसपाल गोल्डी उनके प्रत्याशी के पक्ष में अपना नामांकन वापस लेने आए हैं। उधर जैसे ही इस घटनाक्रम की सूचना कांग्रेस नेताओं को मिली, दिव्यांशु बुद्धिराजा की अगुवाई में पार्टी वर्कर पंचायत भवन पहुंच गए।

### नाम वापस लेने गए कांग्रेस प्रत्याशी को कांग्रेस नेताओं ने मनाया

बुद्धिराजा ने आरोप लगाया कि क्चछ्वक्क इस बात की पूरी कोशिश कर रही हे कि कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव ही न लड़ पाएं। बुद्धिराजा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने जसपाल गोल्डी को अगवा करके उन पर नामांकन वापस लेने का दबाव डाला। उन्होंने दावा किया कि जसपाल गोल्डी को अगवा करने वाले क्चछ्वक्क कार्यकर्ता हथियारों से लैस थे और उन्होंने गोल्डी पर हमला भी किया। उधर दिव्यांशु बुद्धिराजा की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं और वर्करों के पंचायत भवन पहुंचते ही जसपाल गोल्डी ने अपना नॉमिनेशन वापस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद नाामनशन वापस लेने से इनकार कर दिया। इसक बाद दिव्यांशु बुद्धिराजा ने गोल्डी को कार में बैठा दिया। यह देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जसपाल गोल्डी की कार को घेर कर रोक लिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस सुरक्षा में जसपाल गोल्डी की गाड़ी को पंचायत भवन से निकाला गया। जसपाल गोल्डी ने बताया कि वह सिर्फ भाईचारे में बातचीत करने पंचायत भवन पहुंचा था लेकिन वहां भाजपा वर्करों ने मेरी गाड़ी को घेर लिया। भाजपा विधायक जगमोहन आनंद की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा पर गन रखने के आरोप लगाए। दिव्यांशु ने कहा कि मेरे पास लाइसेंसी पिस्तौल नहीं है। लोस चुनाव में मुझे गनमैन मिला था, लेकिन चुनाव निपटते ही मैंने लौटा दिया। बुद्धिराजा ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता कांग्रेस और उसके समर्थित प्रत्याशियों पर जबरन दबाव बना रहे हैं। आज भी अगर कांग्रेस कार्यकर्ता समय पर पंचायत भवन नहीं पहुंचते तो क्चछ्वक्क वाले दबाव डालकर जसपाल का नामांकन वापस करवा चुके होते। भाजपा विधायक बोले- जसपाल खुद आए थे नामांकन वापस लेने दूसरी ओर, पंचायत भवन के बाहर मौजूद करनाल के भाजपा विधायक जगमोहन आनंद ने कांग्रेस के आरोपों को झूठा करार देते हुए कहा कि जसपाल गोल्डी अपनी मर्जी से नॉमिनेशन वापस लेने आए थे। अगर कोई कैंडिडेट अपनी स्वेच्छा से नामांकन वापस लेना चाहता है तो इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।दूसरी ओर, पंचायत भवन के बाहर मौजूद करनाल के क्चछ्वक्क विधायक जगमोहन आनंद ने कांग्रेस के आरोपों को झूठा करार देते हुए कहा कि जसपाल गोल्डी अपनी मर्जी से नॉमिनेशन वापस लेने आए थे। अगर कोई कैंडिडेट अपनी स्वेच्छा से नामांकन वापस लेना चाहता है तो इसमें किसी को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। नगर निगम में मेयर पद के लिए कांग्रेस कैंडिडेट मनोज वधवा ने कहा कि पिछले 10 साल से भाजपा की धक्केशाही चल रही है। कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों को किडनैप किया जा रहा है। अगर नगर निगम चुनाव में यह हाल है तो आगे क्या होगा? वधवा ने दावा किया कि उनके पास भी कई लोग नामांकन वापस लेने का दबाव बनाते रहे। जनता को तय करना है कि वह किस तरह के लोगों को मेयर चुनना चाहती है?

## प्रवेश गाबा के सहारे भाजपा ने लगाई पंजाबी तबके में सेंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

■ पांच सौ से ज्यादा हैल्थ कैंप लगा चुके, मैडीकल रिप्रेजेंटिव संगठनों के सूत्रधार

भारतीय जनता पार्टी ने पंजाबी समुदाय में जोरदार सैंध लगाई हैं। इस मिलेनियम के शुरूआती दौर से पंजाबी समुदाय की आवाज उठाने वाले हरियाणा पंजाबी युवा फ्रंट के संस्थापक रहे प्रवेश गाबा ने मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने कहा कि प्रवेश गाबा के भाजपा में शामिल होने से भाजपा को फायदा मिलेगा।

प्रवेश गाबा ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। यहां उल्लेखनीय है कि प्रवेश गाबा के पिता देश राज गाबा ने प्रदेश में पंजाबी समुदाय की आवाज बने। शुरूआती दौर में पंजाबी समुदाय के लिए देश राज गाबा ने संघर्ष किया। वह करनाल से नगरनिगम के पार्षद बने। वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। प्रवेश गाबा शुरू में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रहे। वह हरियाणा मैडीकल रिप्रजेंऑटिव यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रहे। उन्होंने एम आर के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने स्वतंत्रता सैनानी मदन लाल खुराना के सम्मान की लड़ाई लड़ी। उन्होंने करनाल में पंजाबी धर्मशाला के लिए लड़ाई लड़ी। प्रवेश गाबा ने प्रदेश में मैडीकल सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए काम किया। उन्होंने करनाल में पांच सौ से अधिक फ्री मैडीकल कैंप लगाए । शहर में समाज सेवी प्रवेश गाबा शहर की अधिकतर संस्थाओं के साथ जुडे हुए हैं। शहर में जब केंद्रीय मंत्री तथा पूर्व सीएम मनोहर लाल करनाल में पहली बार चुनाव लडऩे के लिए आए थे। उस समय उन्होंने तथा उनके पिता देया राज गाबा ने मनोहर लाल की पूरी मदद की थी।

## स्वामी श्रद्धानंद अनाथालय में बच्चों से मिले हरियाणा मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज करनाल



स्वामी श्रद्धानंद अनाथालय में बुधवार को स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें हरियाणा मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन एवं पूर्व जस्टिस माननीय पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ललित बत्रा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी पूनम बत्रा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम मे आयोजक समिति द्वारा ओम पट्टीका पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत व देशभक्ति गीतों के माध्यम से मुख्यातिथि का स्वागत किया। आयोग के चेयरमैन ललित बत्रा ने भी बच्चों द्वारा किए गए अभिवादन को सहर्ष स्वीकार करते हुए बच्चों से बातचीत की और कहा कि संस्कारवान बच्चें ही सुदृढ़ समाज का निर्माण कर सकते है। संस्कार देने में शिक्षण संस्थान का अहम योगदान होता है। श्रद्धानंद संस्था इस कार्य को भली भांति कर रही है। यहां बच्चों को वैदिक शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और जीवन मे आगे बढ़ने के प्रति प्रेरित किया आयोग के प्रोटोकॉल, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पुनीत अरोड़ा ने बताया कि इस मौके पर समिति के प्रधान बलदेव राज, सचिव करणवीर, प्रबंधक गोपी नाथ शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश आर्य,सदस्य संजीव गोयल, सितेंदर मोहन कुमार, सुपरवाइजर राजिंदर शर्मा, लेखाकार अमित शर्मा, अशोक शर्मा,समाजसेवी कृष्ण सिंगला सहित संस्था के सभी कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा ने नॉमिनेशन फॉर्म वापस लेने का दबाव बनाया: गोल्डी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



■ भाजपा नेताओं के खिलाफ एसपी को दी शिकायत

बुधवार को कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी ने एसपी को शिकायत दी है। कांग्रेस प्रत्याशी जसपाल सिंह गोल्डी का आरोप है कि भाजपा नेताओं द्वारा उस पर जबरदस्ती नामांकन वापस लेने का दबाव बनाया गया। कांग्रेस प्रत्याशी व कांग्रेस नेताओं द्वारा एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मौके पर कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा में बौखलाहट है। भाजपा कांग्रेस परिवार को तोडऩे का काम कर रही है। कांग्रेस के प्रत्याशियों पर जोर जबरदस्ती कर नामांकन वापिस लेने का दबाव बना रही है। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा नगर निगम के चुनाव में वार्ड वाइज सर्वसम्मति करवाकर लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस का प्रत्येक प्रत्याशी व कार्यकर्ता मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है। वार्ड-12 से कांग्रेस प्रत्याशी जसपाल सिंह के नामांकन को लेकर भाजपा द्वारा जिस तरह का खेल खेला गया और प्रत्याशी पर नामांकन वापसी का दबाव बनाया गया जो कि अत्यंत निंदनीय है। लोकतंत्र में सभी को चुनाव लडऩे का अधिकार है। हम सभी को लोकतंत्र के पर्व को महापर्व के रूप में मनाना चाहिए, लेकिन भाजपा के लोग लोकतंत्र को खत्म करना चाहते है, लेकिन कांग्रेस का प्रत्येक प्रत्याशी, नेता व कार्यकर्ता दबने वाले नहीं है। कांग्रेस मजबूती के साथ नगर निगम चुनाव लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में चन्द्रहास सांग का मंचन किया

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में आयोजित सांग उत्सव में बुधवार को चन्द्रहास सांग का मंचन किया गया। सांगी मोहम्मद मीर और उनकी टीम ने दर्शाया कि चन्द्रहास नाम का एक राजपुत्र था।

एक युद्ध में उसके पिता राजा सुधार्मिक की मृत्यु होने पर, उसकी माँ भी पिता की ही चिता पर सती हो गई थी। चन्द्रहास अनाथ हो गया। चन्द्रहास के भी प्राणों पर संकट देख, एक दासी चन्द्रहास को अपने कपड़ों में छिपा कर अपने घर ले गई और उसे अपना पुत्र समझकर पाला। इधर चन्द्रहास कुछ बड़ा हुआ तो उधर मंत्री धृष्टबुद्धि ने ब्राह्मणों से अपनी एकमात्र कन्या विषया के भावी वर के बारे में पूछा। ब्राह्मणों ने वहां पास ही खेलते उसी दासी पुत्र, चन्द्रहास की ओर इशारा कर दिया। धृष्टबुद्धि ने विचार किया कि मैं अपनी कन्या का विवाह दासी पुत्र के



साथ कैसे होने दे सकता हूँ? धृष्टबुद्धि ने चन्द्रहास के वध की आज्ञा दे दी। वधिक चन्द्रहास को मारने के लिए वन ले गए। पर दैवयोग से उन्हें बालक पर दया आ गई। दूसरी ओर सत्यनारायण मंदिर हनुमान गली में शिव पुराण कथा की शुरूआत की गई। कथा कार्यक्रम 25 फरवरी तक चलेगा। आचार्य मिथलेश नंदन प्रतिदिन कथा सुनाएंगे। प्रभातफेरी भी रोज सुबह शिव मंदिर से निकाली जा रही हैं। इस अवसर पर बी.बी. गुप्ता, जिले सिंह, बालकिशन शर्मा, गौरव गर्ग, जिवय अग्रवाल, राजन गुप्ता, संजय गोयल, प्रभात गुप्ता, चंदन गर्ग, विनोद भाटिया, रविंद्र बंसल व नंद किशोर गोयल आदि मौजूद रहे।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में मधुर बजाज और प्रतीक की जोड़ी रही प्रथम

■ टूर्नामेंट में 30 खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज करनाल




एग्रीकल्चर इम्प्लीमेंट्स मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन (काइमा) द्वारा दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन अमराव स्पोट्र्स अकादमी में किया गया। मधुर बजाज और प्रतीक सचदेवा की जोड़ी विजेता रही। टूर्नामेंट में 30 खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान रविंदर ढल ने कहा कि पिछले कई वर्षों से बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन करवाया जा रहा है। परिणामों की जानकारी देते हुए रविंद्र ढल ने बताया कि कम्बाइन आयु वर्ग 40 प्लस में प्रथम मधुर बजाज और प्रतीक सचदेवा, रविंदर ढल और दीपक सचदेवा दूसरे स्थान पर और अंकित चावला और उदित शर्मा की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही।

20+40 प्लस आयु वर्ग में संयम बब्बर और मधुर बजाज पहले स्थान पर, रविंदर ढल और उदित शर्मा दूसरे स्थान पर और अमित चावला और चैतन्य मेहतानी तीसरे स्थान पर। मिक्स डबल गेम में दीपक सचदेवा और मोनिका सचदेवा की जोड़ी पहले स्थान पर और मुनीश बब्बर और पूनम बब्बर की जोड़ी दूसरे स्थान पर और मनीष गाबा और अनीता गाबा की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट के समापन पर विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल भेंट किए गए। टूर्नामेंट में अनीता गाबा और दिशा सचदेवा ने रेफरी की भूमिका अदा की।

मधुर बजाज और अंकित चावला ने टूर्नामेंट का संचालन किया। दीपक सचदेवा, मनीष गाबा, राजिंदर भल्ला, मुनीश बब्बर और साहिल बुद्धिराजा ने संचालन में मदद की।

**अनदेखी** | नगर पालिका की ओर से सिर्फ विकास शुल्क लिया जा रहा

## तरावड़ी शहर में कई नई कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं का टोटा

सड़कें नालियां का काम पिछले दस साल से आज तक पूरा नहीं हो पाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी





**करनाल।** कालोनी के कच्चे रास्ते पर गंदे पानी से लबालब व कालोनी के खुले प्लाटों मे फैला कूडा कर्कट व गंदा पानी से लबालब।

तरावड़ी शहर में कई नई कालोनियां बस चुकी है वहां के रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। लोगों का कहना है नगर पालिका द्वारा विकास शुल्क भी लिया जा रहा है लेकिन सुविधाएं अभी तक नहीं मिली। शहर की गुप्ता कॉलोनी वार्ड नंबर 4 में गुप्ता पार्ट-2, राणा नई कॉलोनीयां विकसित हुई है। लेकिन उनमें सडक़े, नालियां का काम पिछले दस साल से आज तक पूरा नहीं हो पाया। बरसात के दिनों में इन गालियों से निकलना मुश्किल हो जाता है। वार्ड वासियों का कहना है कि इस बार इसके बारे में विधायक भगवान दास कबीरपंथी व नगर पालिका अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल को मिलकर इस कॉलोनी की समस्याओं के बारे में जानकारी दी है। इस कॉलोनी की सडक़ें, नालियां बनवाने के लिए गुहार लगा चुके हैं लेकिन आज तक यह काम सिरे नहीं चढ़ा। चुनावों के दिनों नेता लोग आश्वासन देकर चले जाते है।

▸▸| कॉलोनी वासी गुलशन कुमार का कहना है कि वार्ड में समस्याएं तो बहुत है लेकिन इस ओर नगरपालिका प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। सडक़े, नालियां का निर्माण आज तक नहीं हो पाया इसके अलावा वार्ड में सफाई व्यवस्था जीरो है । कोई भी सफाई कर्मचारी यहां पर सफाई करने व कोई कचरा उठाने नहीं आता।

▸▸| अंजू बाला ने बताया दिनभर कॉलोनी में बेसहारा पशु गंदगी फैलाते रहते हैं। कई बार नगर पालिका को इसकी शिकायत की है लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ। सडक़े व गंदे पानी से कच्चे रास्ते पानी से लबालब है। कई बार बुर्जुग व बच्चे गिर जाते हैं।

### क्या कहते है सचिव अजीत कुमार

शहर मे जो अवैध कालोनी है उसकी अपरूव्ल लेने के लिये उनके कागजात चंडीगढ़ भेजे है। जैसे कालोनी वैद्य होगी उसमे विकास कार्य शुरू करवायें जायेगें।

## खबर संक्षेप

### किसान के खेत से ट्रांसफार्मर चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव बांध निवासी किसान रामदिया के खेत से 60 हजार रुपये कीमत के 10 किलोवाट का ट्रांसफॉर्मर अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। वहीं, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की इसराना सब डिवीजन के जूनियर इंजीनियर धर्मपाल ने की शिकायत पर जहां इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज किया। वहीं जेई धर्मपाल ने इस मामले की जानकारी बिजली निगम के उच्चाधिकारियों को दी है।

### एनसी मेडिकल कॉलेज के सेमीनार हॉल में चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना में स्थित एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में से सेमीनार हाल में लगे चार एसी और एक प्रोजेक्टर की अज्ञात लोगों ने चोरी कर ली। वहीं कॉलेज की प्रिंसिपल सिमरन ने इसराना थाना पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीआईए-2 ने मारपीट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने मारपीट के आरोपी हिमांशु उर्फ शिबू निवासी गांव चंदौली जिला पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना तहसील कैंप में सोनू पुत्र नूरहसन निवासी भारत नगर बबैल रोड की शिकायत पर केस दर्ज है।

### भाजपा ने राजपूत समाज की अनदेखी की

**पानीपत।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय सभा के वरिष्ठ उप प्रधान सतपाल राणा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया है कि भाजपा ने नगर निगम चुनाव में राजपूत समाज से किसी भी व्यक्ति को प्रत्याशी नहीं बनया। जबकि राजपूत समाज के होनहार नेता कपिल राणा व पूर्व पार्षद पवन राणा भाजपा में सक्रिय है। वहीं राजपूत समाज, भाजपा का वोटर है। उन्होंने वार्ड छह व 12 से राजपूत समाज के भाजपा नेताओं को प्रत्याशी बनाने की मांग पार्टी हाईकमान से की है।

### कुख्यात अपराधी पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस की टीम महिला के गले से सोने की चेन स्नेचिंग की वारदात में शामिल दूसरे आरोपी कपिल निवासी भागीरथ शामली यूपी को यूपी की आजमगढ़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। वहीं पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना माडल टाउन में 14 दिसंबर 2019 को कांता अरोड़ा पत्नी सुरेंद्र अरोड़ा निवासी शांति नगर की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं कपिल पेशेवर अपराधी है और उसके खिलाफ चंडीगढ व यूपी में बीस अपराधिक केस दर्ज है।

### एडीसी ने जनसमाधान शिविर में सुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय में नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि समाधान शिविर में पहुंचने वाली समस्याओं का निदान अधिकारी समर्पण भाव से करें।

### शिविर में महिलाओं को जागरूक किया

**पानीपत।** माता सीता रानी सेवा संस्था द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र ने जावा कॉलोनी, वार्ड नंबर छह, में जागरूकता शिविर का आयोजन कर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर परिवार परामर्श केंद्र की परामर्शदात्री सुनीता, रेहाना , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी, हेल्पर संयोगिता, असगरी, मुन्नी, प्रियंका, रेखा, गीता, रविता, बृजेश, ममता, कुमारी देवी, रजनी, गिरजा, गीता, गुड़िया, अनिता, रेखा और राखी उपस्थित रहीं।

### आईबी कॉलेज में हुआ एक्सपर्ट टॉक

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस सेल और मेधा लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में फ्रीलांसिंग और एंटरप्रेन्योरशिप इन डिजिटल मार्केटिंग पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया।

---

## एसडी कॉलेज में वसंतोत्सव पुष्प प्रदर्शनी व प्रतियोगिता में आईओसीएल विजेता

# पर्यावरण संरक्षण करना हर नागरिक का कर्तव्य : दिनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में पर्यावरण बचाओ सोसाइटी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ग्याहरवें राज्य स्तरीय 'वसंतोत्सव पुष्प प्रदर्शिनी एवं पुष्प प्रतियोगिता का भव्य समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्यातिथि कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल रहे और उन्होंने प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर विशिष्ट मेहमानों में मशहूर अभिनेत्री रजनी गुप्ता, कपिल गुप्ता मेम्बर सोसाइटी, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. एसएन गुप्ता कॉलेज के पूर्व-प्रधान ने कार्यक्रम में शिरकत करके प्रतिभागियों का हौंसला बढाया । माननीय मेहमानो का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, डॉ मोनिका खुराना और वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने किया।

जूरी की भूमिका प्रो. अन्नू आहूजा, डॉ. मोनिका खुराना और प्रो. तन्नु मेहता ने अदा की। विजेताओं को सर्टिफिकेटस और नकद पुरस्कार से नवाजा गया। मालियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आईओसीएल एक बार फिर प्रदर्शनी का आकर्षण बना और उसने ओवरआल ट्राफी जीती। वहीं, मुख्यतिथि दिनेश गोयल ने कहा कि फूल हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। फूल खुशहाली का प्रतीक होते हैं और उपवन की रौनक होते हैं।

आज का युवा नशे, दुर्व्यसन और सोशल मीडिया के दुरूपयोग से खुद के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। उनके जीवन और भविष्य को फूलों की तरह पल्लवित करना ही ऐसे आयोजनों का मकसद है। इधर, महेंद्र अग्रवाल महासचिव ने कहा कि इस आयोजन को देख कर वे भाव-विभोर हो गए है। इंसान के लिए प्रकृति से बड़ा कोई डॉक्टर नहीं है। वे खुद भी जब काम के बोझ से थक जाते है तो उनमे नया जोश फूंकने का काम बाहर बिखरी हरियाली और रंग-बिरंगे फूल ही करते है।



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपमर अरोडा के साथ अतिथिगण, फूलों को निहारते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये बने विजेता

रंगोली प्रतियोगिता में मोहित और काजल एसडी पीजी कॉलेज पानीपत प्रथम, हर्मन और नवप्रीत एमएएसडी स्कूल पानीपत द्वितीय, तनिष्का, रिमझिम, साहिल, अंकिता एपीट एसडी इंडिया पानीपत तृतीय रहे। हैण्ड पेंटिंग प्रतियोगिता में गीत पांडे एमएएसडी स्कूल पानीपत प्रथम, दक्ष एसडीवीएम सिटी पानीपत प्रथम, शिवम और जीविका एमएएसडी स्कूल पानीपत द्वितीय, वंशिका एमएएसडी स्कूल पानीपत व हर्ष एसडी पीजी कॉलेज पानीपत, तृतीय रहे। सेल्फी विद फ्लावर्स में सुमन, स्नेह देशवाल, तानी, अनुज, रोहित, रोमित, योगवताव रिओना विजेता रहे। प्रो शिल्पा ठाकुर, प्रो एकता, प्रो दिव्या, प्रो तन्नु मेहता, प्रो आशीष, प्रो मनोज, दीपक मित्तल आदि विजेता रहे।

---



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ मेधावी छात्राएं।

## आर्य कॉलेज की 3 छात्राएं केयू की मेरिट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने बीए जनसंचार के पांचवें समेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें आर्य कॉलेज की छात्रा अंजली व खुशी संयुक्त रूप से पूरे कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में चौथा स्थान हासिल किया वहीं छात्रा सारा खान ने आठवां स्थान हासिल किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के महासचिव सीए किशोर ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि ये विद्यार्थी आगे आने वाले परीक्षा परिणामों में भी ऐसे ही कॉलेज का नाम रोशन करेंगे और इससे भी ज्यादा अंक ला कर अपने माता-पिता व अपने प्राध्यापकों का मान बढाऐंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने टॉप टेन की सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर स्वागत किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल की कामना की। साथ ही प्राचार्य महोदय ने जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण, प्राध्यापक शिवांक रावल, केशव शर्मा, प्राध्यापिका गजल पांचाल व सोनू अठावले को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी।

---

## पानीपत के सभी टोल प्लाजाओं पर उपलब्ध होंगी मूलभूत सुविधाएं




पानीपत। टोल प्लाजा पर सुविधाओं को लेकर बैठक करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया। फोटो : हरिभूमि

- टोल संचालकों को पेयजल, शौचालय व शैड की व्यवस्था करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले के सभी टोलों पर उपलब्ध होने वाली मूलभूत सुविधाओं की निगरानी बरतें। उपायुक्त ने सभी टोल संचालकों को सख्त हिदायत दी कि यदि उनके टोल प्लाजा पर जनता को मिलनी वाली मूलभूत सुविधाओं का अभाव दिखाई दिया तो उनके खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। जरूरत पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज हो सकती है। उपायुक्त ने टोल संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि आम जन के लिए टोल पर दोनों तरफ शैड की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। हर टोल पर एक एंबुलैंस की तैनाती करें। टोल पर महिला व पुरूष वर्ग के लिए शौचालय की विशेष व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। सभी टोलों पर आरओ युक्त कुलर लगाएं ताकि लोगों को शुद्ध पानी से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि वे स्वयं भी टोलों पर जनता को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेंगे व अगर व्यवस्था में किसी भी तरह की खामियां मिलती है तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।

---

## चुलकाना धाम में बाबा श्याम का फाल्गुन मेला भव्य होगा

**समालखा।** पानीपत के गांव गांव चुलकाना में चुलकाना धाम में बाबा श्याम का वार्षिक फाल्गुन मेला 9, 10 और 11 मार्च को भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मंदिर कमेटी के प्रधान रोशन छौक्कर ने बताया कि श्री श्याम सेवा मंडल मंदिर कमेटी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक तैयारियां कर रही है। वहीं, मेले के दौरान रास्तों में पानी की टंकी, लाइटिंग और अस्थाई गेट लगाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 42 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। ढाई करोड़ रुपए की लागत से 4 विशेष तोरण द्वार का निर्माण किया जा रहा है। सभी प्रवेश द्वारों को विद्युत रोशनी से सजाया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त अस्थाई शौचालय बनाए जाएंगे। गांव में सेवा शिविर लगाए जाएंगे, जहां भोजन, नाश्ता, स्नान, रात्रि विश्राम और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

---

### मुख्यमंत्री ने वीसी पर उपायुक्त के साथ विकासात्मक समीक्षा बैठक की

## पानीपत में 47285 निर्धनों को गैस कनेक्शन दिए



पानीपत। उपायुक्त, विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बुधवार को दिशा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के साथ समीक्षा बैठक करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की 68 से ज्यादा महत्वकांक्षी योजनाओं की वर्तमान स्थिति जानी व उनमें और तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ. दहिया ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि वे हर योजना के क्रियान्विन को लेकर गंभीर है। प्रधानमंत्री की विजन को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है। उपायुक्त डॉ. दहिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि धरातल पर इन योजनाओं पर गंभीरता से कार्य करना है। उन्होंने बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 47285 गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध करवायें गए है। प्रत्येक कनेक्शन में एक गैस सिलेण्डर, रेगूलेटर व पाइप फ्री उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने शिक्षा विभाग के एसडीओ व जेई को निर्देश दिए कि उनके द्वारा किये गए निर्माण कार्यो की जांच करेंगे व खामियां मिलने पर ठोस कार्यवाही भी करेंगे। वहीं डॉ. दहिया ने एसडीएम ब्रह्मप्रकाश को निर्देश दिए कि वे एक कमेटी का गठन कर शिक्षा विभाग में कमरों का जो निर्माण कार्य किया जा रहा है उसकी निगरानी बरतें व उसकी रिपोर्ट तैयार करें। उपायुक्त ने बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्य में ओर तेजी लाने के निर्देश दिए।

---



पानीपत। आईबी कॉलेज में डॉ. सुनित शर्मा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## स्टॉक मार्केट से व्यापार को बढ़ावा मिलता है : डॉ. मलिक

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा एमकॉम प्रीवियस एवं एमकॉम फाइनल के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय स्टॉक मार्केट रहा। वहीं, कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य वक्ता सागर पांचाल को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि शेयर बाजार का मकसद कंपनियों और निवेशकों के बीच पूंजी का आदान-प्रदान करना है। यह बाजार स्टॉक, बॉन्ड, और दूसरे सिक्योरिटीज़ की खरीद-फ़रोख़्त को आसान बनाता है जिससे व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश के अवसर पैदा करने में मदद मिलती है। निवेशकों को दुनिया की बड़ी कंपनियों में निवेश करने का मौका मिलता है तथा निवेशकों को अपने स्टॉक, लाभ, और बाज़ार पैटर्न को ट्रैक करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने स्टॉक मार्केट की विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रूहानी शर्मा, साक्षी, रुचिका, मनीत कौर, आकांशा, सोनिया, जागृति, टिंकू, विष्णु, प्रो. अजय पाल सिंह, माधवी, डॉ. ज्योति गहलोत, निशा गुप्ता, करुणा, रितिका, रीना, निशा गोयल, आंचल आदि उपस्थित रहे।

---

## आर्य स्कूल में मेधावी खिलाड़ी पुरस्कृत

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को खिलाडियों इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर और जिला स्तर पर खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने पर नगद धनराशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान वीरेंद्र आर्य रहे। विद्यालय के प्रबंधक रामपाल जागलान, सदस्य मेहर सिंह व डॉ. सुरेंद्र सिंह ने प्रधान का स्वागत किया। प्रधान वीरेंद्र आर्य और प्रबंधक रामपाल जागलान ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्राचार्य मनीष घनघस, पीटीआई संदीप आर्य व सुरजीत अहलावत मौजूद रहे।

- इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर और जिला स्तर पर खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने पर नगद धनराशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया



पानीपत। आर्य स्कूल में अतिथियों के साथ मेधावी विद्यार्थी।

---



पानीपत। आर्य कॉलेज में विजेता विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ। फोटो : हरिभूमि

## आर्य कॉलेज की रूचि व झलक की रंगोली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा इंट्रा डिपार्टमेंट फेस्ट एक्सप्लोरिक का आयोजन किया गया। इस कार्यकर्म में पेपर क्विलिंग, रंगोली ऐड मेड शो और एक्सटेम्पररी सहित चार अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं, प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने डॉ. मधु गाबा को इस कार्यक्रम के समापन पर बधाई दी। जबकि वाणिज्य विभाग के आयोजन के परिणाम निम्नलिखित हैं रंगोली में प्रथम पुरस्कार रुचि, बीबीए द्वितीय वर्ष व झलक बीकॉम अंतिम वर्ष को मिला।

जबकि पेपर किविलिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्र शिवम और रोहित व द्वितीय पुरस्कार अवनी बीकॉम अंतिम वर्ष, तीसरा पुरस्कार मनप्रीत बीकॉम प्रथम वर्ष गरिमा (बीकॉम अंतिम वर्ष) को मिला। जबकि एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इशिका,दूसरे स्थान पर धीरता व सुषमा तीसरे स्थान पर अवनी व पायल रही। वहीं, ऐड मेड शो प्रतियोगिता में टीम भूमिका प्रथम, टीम आयुषी द्वितीय,टीम संजीव तीसरे स्थान पर रही।

---

## हमारी अमूल्य धरोहर है बुजुर्ग : रोहिणी

- डीपीएस पानीपत सिटी में संस्कार स्मरण दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

डीपीएस पानीपत सिटी में बुधवार को दादा दादी और नाना नानी के प्रति आभार प्रकट करने एवं उनके प्रति सम्मान और प्यार दर्शाने हेतु संस्कार स्मरण दिवस का आयोजन गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सतबीर गुप्ता एवं डॉ. संपत गर्ग ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। इसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया, कोऑर्डिनेटर आभा विशाद एवं पूनम नेगी, मुख्याध्यापिका डीपीएस जूनियर अंसल सरिता विज, अध्यापकगण, सभी विद्यार्थियों के दादा दादी एवं नाना नानी उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यालय में पधारने पर उन्हें तिलक लगाकर गर्म जोशी से उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने मुख्य अतिथियों को शॉल ओढ़ा कर एवं गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। वहीं, मंत्रोंचारण के साथ दीप प्रज्वलित किया गया।

इसके पश्चात कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम छात्रों द्वारा अपने दादा-दादी और नाना नानी के प्रति प्रेम और कृतज्ञता की भावना प्रकट करते हुए एक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुतियों के साथ एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। वहीं, विजेता ग्रैंड पेरेंट्स को पुरस्कृत भी किया गया और ग्रैंड पेरेंट्स का विद्यालय के प्रांगण में पधारने पर और उन्हें आशीर्वाद देने के लिए आभार प्रकट प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारी एक अमूल्य धरोहर है।वे परिवार की नींव होते हैं ,जो अपने अनुभव ,ज्ञान और परंपराओं के साथ परिवार को मजबूत बनाते हैं। उन्हें सम्मान देना, उनकी सेवा करना तथा उनके साथ कुछ समय बिताना हम सबका कर्तव्य है।



पानीपत। डीपीएस पानीपत सिटी में प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया के साथ विद्यार्थी।

---

### छात्राओं के लिए मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन

## बेटियों के शिक्षित होने से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : राजीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

राजकीय महिला महाविद्यालय गांव मतलौड़ा में एनएसएस की स्वयं सेवी छात्राओं के लिए एक मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन करवाया गया। यह लेक्चर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी द्वारा संबोधित किया गया। वहीं, प्राचार्य डॉ. रामनिवास ने अपने पूरी टीम के साथ राजीव परुथी का स्वागत किया। इधर, राजीव परुथी ने छात्राओं को अपडेट रहने को कहा एवं जोश एवं जुनून के साथ कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने, छात्राओं को भविष्य में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने के तौर तरीके बताएं एवं भविष्य में अपने जीवन को उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए क्या कार्य करने चाहिए। राजीव परुथी ने कहा एक लड़की यदि शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होते है। उन्होंने छात्राओं को वर्तमान में अंग्रेजी भाषा की महत्ता बताते हुए कहा कि हर छात्रा को अंग्रेजी भाषा का ज्ञान लेना चाहिए और अपने बोल चाल व कार्य प्रणाली को आकर्षक करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप दलाल, डॉ धर्मवीर ने भी भविष्य में राजीव परुथी को कॉलेज की छात्राओं से जुड़े रहने की अपील की।



पानीपत। राजकीय कॉलेज मतलौडा में राजीव परुथी के साथ विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप

### मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्ण शिक्षण महाविद्यालय, अधोया में मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल ने शिवाजी महाराज की वीरता और शौर्य का गुणगान करते हुए एक प्रभावशाली कविता प्रस्तुत की। सहायक प्राध्यापिका प्रीति ने विद्यार्थियों को शिवाजी महाराज के जीवन, उनके प्रशासनिक सुधारों, सैन्य रणनीतियों और उनकी न्यायप्रियता के बारे में बताया।

### वॉलंटियर्स ने पोस्टर मेकिंग में लिया हिस्सा

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ एनएसएस गीत से हुआ। इसके बाद वॉलंटियर्स ने पोस्टर मेकिंग गतिविधि में भाग लिया, जिसमें स्वच्छता जागरूकता से जुड़े आकर्षक पोस्टर बनाए गए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक विनोद ने सभी स्वयंसेवकों को करियर चार्ट की जानकारी दी और 12वीं के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने वॉलंटियर्स को अपने भविष्य को लेकर प्रेरित किया। उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी।

### छात्रों ने गांव उगाड़ा में जागरुकता रैली निकाली

**अंबाला।** एमएन कॉलेज अंबाला कैंट के महिला प्रकोष्ठ द्वारा लैंगिक निष्पक्षता एवं न्याय के विरुद्ध पोस्टर बनाए गए तथा जागरूकता रैली का आयोजन गांव उगाड़ा में किया गया जिसमें महाविद्यालय के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया! रैली के दौरान विद्यार्थियों ने उगाड़ा के लोगों को लैंगिक निष्पक्षता एवं न्याय के बारे में बात कर उन्हें जागरूक किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ नेहा ने कहा कि लैंगिक भेदभाव समाज की कुरीतियां में से एक है इसे आज की युवा पीढ़ी द्वारा लैंगिक निष्पक्षता एवं न्याय मैं जागरूकता फैलाकर इसे रोका जा सकता।

### भारत का स्वयंसेवक दानवीर होना चाहिए

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन डॉ. आनन्द कुमार समन्वयक एनएनएस प्रकोष्ठ, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता के तौर पर वर्तमान रहे। उन्होंने भारत के अतीत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का स्वयंसेवक दानवीर होना चाहिए। उसके हाथ सदैव मदद के लिए तत्पर रहने चाहिए। स्वयंसेवक भीड़ से हटकर अपनी पहचान बनाता है।

### खेतों से बिजली केबल चोरी, दो पर केस दर्ज

**जींद।** गांव बरसाना खेतों से बिजली केबल चोरी करने पर सदर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बरसाना निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत से सबमर्सिबल केबल को चोरी कर लिया।

## नगर परिषद चुनाव : चित्रा ने चेयरपर्सन समेत 30 वार्ड उम्मीदवारों को दिया जीत का मंत्र

# पांच आजाद प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए, भाजपा को समर्थन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद के चुनाव में उतरे पांच उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापिस ले लिए। इन उम्मीदवारों ने आखिरी दिन नामांकन पत्र वापिस लेने के बाद भाजपा उम्मीदवारों को समर्थन देने का ऐलान किया है। इसके बाद सभी उम्मीदवारों ने परिवहन मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर उनके विकास की नीतियों की जमकर प्रशंसा की।

- नामांकन वापस लेने वाले प्रत्याशियों ने मंत्री अनिल विज से की मुलाकात

बुधवार को नगर परिषद छावनी चुनाव के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का अंतिम दिन था। इस दौरान पांच प्रत्याशियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज से प्रभावित होकर उनसे मुलाकात की। इसके उपरांत उन्होंने अपने नामांकन पत्र वापस लिए। इस दौरान पांचों ने मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। नगर परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने का पूरा भरोसा जताया। विज ने नामांकन वापस लेने वाले पांचों की पीठ थपथपाते हुए उन्हें पार्टी के लिए जी-जान से कार्य करने का आह्वान किया।





अंबाला। अपने उम्मीदवारों को जीत का मंत्र देती चित्रा सरवारा व भाजपा के समर्थन में नामांकन वापस लेने वाले उम्मीदवारों से मुलाकात करते मंत्री अनिल विज।

### इन प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए

वार्ड नंबर एक से आजाद प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन भरने वाले विजय कुमार ने अपने पिता सुरेंद्र छिंदा के साथ चित्रा सरवारा की पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थामा है। दोनों पिता-पुत्र का मंत्री नेस्वागत किया। इसी प्रकार वार्ड नंबर तीन से आजाद प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरने वाले दीपक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना नामांकन वापस लिया जबकि वार्ड नंबर 10 से आजाद प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरने वाले प्रवेश सोबती ने भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन देने का फैसला क या। वार्ड नंबर 15 से आजाद प्रत्याशी सतीश मोदगिल तथा अनमोल सिंह ने भी भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देते हुए अपना नामांकन वापस लिया।

### भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध जीते

नगर परिषद सदर के वार्ड नंबर 24 से भाजपा उम्मीदवार महेश नागर पार्षद होंगे। वार्ड में आजाद उम्मीदवार के तौर पर खड़ी किरन का नामांकन रद्द होने के बाद ही महेश नागर निर्विरोध चुने गए हैं। मंत्री अनिल विज ने भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर महेश नागर को शुभकामनाएं दी। चुनाव में महेश नागर अब सबसे पहले चुने जाने वाले पहले भाजपा सदस्य बन गए हैं। उनके मुकाबले चुनाव में अन्य कोई प्रत्याशी नहीं उतरा है। युवा सदस्य महेश नागर के पिता एवं पूर्व सदस्य अनिल नागर भाजपा नेता हैं जोकि पार्टी में पूरी तरह से सक्रिय हैं।

### कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थामा

पटेल नगर में वार्ड 19 से भाजपा प्रत्याशी गौरव सैनी के पक्ष में आयोजित कार्यक्रम में आपार जनसमूह को संबोधित करते हुए विज ने कहा कि अंबाला छावनी में विकास का पहिया निरंतर चलाने के लिए उन्होंने कई कार्य किए है तथा अभी आगे बहुत कुछ और करने की तमन्ना है। वह अपने जीवन की एक-एक सांस छावनी के लिए लगाना चाहते हैं। उनके अब इस कार्य के लिए उन्हें अब नगर परिषद चुनाव में चेयरमैन और 32 पार्षद मिलने जा रहे हैं। इस दौरान कई कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थाम लिया। इनमें मोहिंद्र सिंह के अलावा सुरेंद्र कुमार, रामेश्वर, राम कुमार, जसबीर सिंह, बलकार सिंह, अमरीक सिंह, दर्शन सिंह, विक्रम सिंह, गुरपाल सिंह, रामपाल, पूर्व पंच राम कुमार, मनप्रीत, डा. विशाल, जौनी, अजय, गौरव, रविकांत, दीपक, गुलाब सिंह, नीतिश कुमार, रजत कुमार, मोहित कुमार, राहुल कुमार, दीपक कुमार, रवि कुमार, बलराम, हरिंद्र सिंह, हजूर सिंह, अमजद खान, कोशिंद्र केशव, सोनू शर्मा, देवेंद्र शर्मा, गौरव शर्मा, गुलशन, सुरजीत सिंह, संजीव कुमार, रमेश कुमार, रमेश, छोटे लाल शामिल रहे।

### उम्मीदवारों को जीत तोड़ मेहनत करने की नसीहत

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में ताल ठोक रही चित्रा सरवारा ने बुधवार को अपने सभी उम्मीदवारों को जीत का मंत्र दिया। चेयरपर्सन पद समेत 30 वार्डों से चित्रा ने अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। इस दौरान उन्होंने सभी उम्मीदवारों को मैदान में जीत तोड़ मेहनत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि छावनी में केवल विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है जबकि अंदर की रिहायशी कॉलोनियों के लोग बेहद तंग रहे हैं। विकास की आड़ में उनका जीवन नरकीय हो गया है। उन्होंने कहा कि हर योजना भ्रष्टाचार में लिप्त है। हमारी मांग के बावजूद कोई उसकी जांच को तैयार नहीं है। चित्रा ने कहा कि हम चेयरपर्सन पद समेत सभी वार्डों पर जीत का परचम लहराएंगे।

# बार चुनाव : दो पूर्व प्रधानों में होगी सीधी टक्कर तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- 28 फरवरी को जिला बार एसोसिएशन के लिए चुनाव

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी हो गई। अब जांच के बाद नामांकन पत्र वापिस लेने की कार्रवाई होगी। इस बार चुनाव में कड़ा मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है। एसोसिएशन के प्रेजिडेंट पद के लिए इस बार चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि वाइस प्रेजिडेंट, सैक्रेटरी, ज्वाइंट सैक्रेटरी पद के लिए भी तीन-तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। कैशियर पद के लिए इस बार दो उम्मीवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस बार डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट पद के लिए दो पूर्व अध्यक्षों में मुकाबला होना तय माना जा रहा है। प्रेजिडेंट पद के लिए इस बार पूर्व प्रधान एडवोकेट सतपाल सिंह व एडवोकेट इकबाल सिंह के साथ एडवोकेट सचिन कुमार व एडवोकेट केशव स्वरूप चोपड़ा ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। मुख्य मुकाबला एडवोकेट सतपाल व इकबाल के बीच में तय माना जा रहा है। इसी तरह वाइस प्रेजिडेंट पद के लिए इस बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव संदीप शर्मा मैदान में हैं। एडवोकेट अरविंद गोयल व आशुतोष गोयल ने भी वाइस प्रेजिडेंट पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। सैक्रेटरी के लिए विकास शर्मा, दीपक कुमार व मुकुल शर्मा नामांकन दाखिल कर चुके हैं। तीन नामांकन आने से इस बार यहां मुकाबला त्रिकोणा होने की संभावना जताई जा रही है। ज्वाइंट सैक्रेटरी के लिए गौरव यादव, अंजू बाला व सुरेश बनवाल ने नामांकन दाखिल किया है।

# सदर नगर परिषद चुनाव : कमल का फूल व कप प्लेट में मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- विस चुनाव में आजाद रही प्रत्याशी चित्रा के तमाम उम्मीदवारों को कप प्लेट चुनाव चिह्न अलॉट

सदर नगर परिषद चुनाव की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। नामांकन पत्र वापिस लेने के बाद अब चेयरपर्सन पद के लिए मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी की स्वर्ण कौर व चित्रा सरवारा की निर्दलीय प्रत्याशी मनदीप कौर के बीच होगा।

यहां बता दें कि मनप्रीत कौर व रवनीत कौर ने अपना नामांकन वापस ले लिया है तथा ममता रानी का नामांकन पत्र जांच-पड़ताल उपरांत रद्द कर दिया गया था। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला छावनी व सामान्य पर्यवेक्षक डा. सरिता मलिक ने बताया कि नगर परिषद् अम्बाला सदर के अध्यक्ष का चुनाव लड़ रही भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्वर्ण कौर को कमल का फूल व निर्दलीय प्रत्याशी मनदीप कौर को सीटी का चुनाव चिह्न दिया गया है। इसी तरह सदस्य पद के लिए वार्ड नंबर 1 से भारत भूषण कौछड़ को कमल का फूल, अश्विनी कुमार को साइकिल, रणजीत कुमार को कप प्लेट, हरमीत सिंह को राइजिंग सन, वार्ड नंबर 2 से रीना को कमल का फूल, रूचि चौधरी को कप प्लेट , वार्ड नंबर 3 से मोहित कौशिक को कमल का फूल, कुलबीर सिंह को स्कूटर, लता को साइकिल, हरदीप सिंह को राइजिंग सन, वार्ड नंबर 4 से शिल्पा पासी को कमल का फूल, नीलम रानी को सिलाई मशीन, रविंद्र कौर को साइकिल, गीता को कप प्लेट, वार्ड नंबर 5 से नानक चंद को कमल का फूल, प्रवीन कुमार को तराजू, रमन कुमार कप प्लेट, सुशील कुमार को गिलास, जीवन कुमार को साइकिल, वार्ड नंबर 6 से उम्मेद सिंह राणा को कमल का फूल, संदीप शर्मा को कप प्लेट, आशु को टेलीफोन, मदन लाल को चश्मा, सुखदेव सिंह को साइकिल, वार्ड नंबर 7 से संजीव अत्री को कमल का फूल, सुरेंद्र कुमार को कप प्लेट, शील कुमार नैन को धनुष, वार्ड नंबर 8 से सोमनाथ को कमल का फूल, हिमांशु पुंज को शंख, रोहताश लाल बत्रा को कप प्लेट, वार्ड नंबर 9 से रेणू चौहान को कमल का फूल, नीलम शर्मा को शंख, सुषमा रानी को कप प्लेट, वार्ड नंबर 10 से रमन छतवाल को कमल का फूल, अश्वनी कुमार शर्मा को कप प्लेट, वार्ड नंबर 11 से आंचल सैनी को कमल का फूल, रीना रानी को धनुष, नीलम कश्यप को कप प्लेट, सोनिया को राइजिंग सन, मीनाक्षी को गैस सिलेंडर, वार्ड नंबर 12 से सतीश कुमार को कमल का फूल, जसविंद्र सिंह को कप प्लेट, हरदीप कुमार को साइकिल, शिवम आर्य को शंख, किरण वर्मा को राइजिंग सन, परमदीप को दीवार घडी, वार्ड नंबर 13 से रीतू शर्मा को कमल का फूल, अंजु बाला को कप प्लेट, वार्ड नंबर 14 से नरेश कुमार को कमल का फूल, अंदला सिंह को कप प्लेट, हरमिंद्र सिंह को शंख, नरिंद्र कौर को साइकिल, वार्ड नंबर 15 से भूपेश शर्मा को कमल का फूल, निशा परमार को कप प्लेट, रविंद्र बंसल को शंख, वार्ड नंबर 16 से भोली बिंद्रा को कमल का फूल, डॉ. रमनीत कौर को कप प्लेट, वार्ड नंबर 17 से रश्मि वर्मा को कमल का फूल, रेखा रानी को धनुष, पूजा को कप प्लेट, वार्ड नंबर 18 से श्याम सुंदर अरोडा को कमल का फूल, राजन कलसी को कप प्लेट, राजेश गर्ग को साइकिल, वार्ड नंबर 19 से गौरव सैनी को कमल का फूल, ओंकार नाथ मिश्रा शंख, सुखबीर कुमार राइजिंग सन, जय प्रकाश कप प्लेट, मोहर सिंह ऐरोप्लेन, सुनील कुमार चश्मा, वार्ड नंबर 20 से प्रियंका को कमल का फूल, मंजू देवी को गिलास, रजनी रानी ने कप प्लेट, वार्ड नंबर 21 से बलिन्द्र पाल को कमल का फूल, दलबीर सिंह कप प्लेट, वार्ड नंबर 22 से प्रमोद कुमार शर्मा को कमल का फूल, सुरिंद्र पाल सिंह वालिया कप प्लेट, वार्ड नंबर 23 से ललिता प्रसाद को कमल का फूल, अमन को कप प्लेट, वार्ड 25 से विकास सोनकर को कमल का फूल, राहुल को कप प्लेट, कंवलजीत को सिलाई मशीन, आशीष को साइकिल, वार्ड नंबर 26 से नरेश को कमल का फूल, संजीव शर्मा को कप प्लेट, बिमल को शंख, वार्ड नम्बर 27 से शिवाजी को कमल का फूल, आदित्य गोयल को कप प्लेट, वार्ड नंबर 28 से महेशचंद को कमल का फूल, सचिन सिंगला को राइजिंग सन, मीनाक्षी मनचंदा को कप प्लेट, वार्ड नंबर 29 से आशीष को कमल का फूल, सुधीर कुमार को साइकिल, वार्ड नंबर 30 से नीतू को कमल का फूल, अनिता को कप प्लेट, वार्ड नंबर 31 से डॉ. शशि को कमल का फूल, रेणूबाला को कप प्लेट तथा वार्ड नंबर 32 से निधि गर्ग को कमल का फूल, विभा खन्ना को कप प्लेट व मंजू को छतरी का चुनाव चिह्न आबंटित किया गया है।

# स्पोर्ट्स मीट में प्रीति और कार्तिक बने बेस्ट एथलीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का समापन

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में चल रही दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का बुधवार को समापन हो गया। स्पोर्ट्स मीट के बॉयज इवेंट में कार्तिक व गर्ल्स इवेंट में प्रीति बेस्ट एथलीट चुने गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो गुरदेव सिंह ने बेस्ट एथलीट सहित सभी विजेताओं को सम्मानित किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजीत सिंह ने मुख्य अतिथि का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने स्पोर्ट्स मीट में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन लेकर आते हैं इसलिए हर छात्र को जीवन में कम से कम एक खेल का अवश्य चयन करना चाहिए। प्रिंसिपल डॉ अजीत सिंह ने स्पोर्ट्स मीट के सफल आयोजन के लिए खेल विभाग के इंचार्ज डॉ रामकुमार व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि जिले का सबसे ज्यादा संख्या वाला गवर्नमेंट पीजी कॉलेज न केवल अकादमिक बल्कि खेलों में भी खास जगह रखता है। कॉलेज के कई छात्र हर साल इंटर कॉलेज व यूनिवर्सिटी में मेडल जीतते रहते हैं। डॉ. रामकुमार ने बताया कि इस दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के सभी इवेंट में करीब सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। इसमें से कार्तिक व प्रीति ने सबसे ज्यादा मुकाबलों में गोल्ड जीत कर अपने अपने वर्ग में बेस्ट एथलीट का खिताब जीता। उन्होंने बताया कि इस मौके पर छात्रों का फैशन शो का भी आयोजन किया गया। 10 हजार मीटर में अंकित,सिद्धार्थ व बंटी ने पहले तीन स्थान पर कब्जा जमाया।5 हजार मीटर में प्रवीण, बंटी व राहुल राणा ने दम दिखाया। 800 मीटर में बंटी,हिमांशु व हिमांशु कुमार पहले तीन स्थान पर रहे। 400 मीटर में कार्तिक,सिद्धार्थ व अजय ने बाजी मारी। 200 मीटर कार्तिक, करण,राहुल विजेता बने। शाटपुट में साहिल,ध्रुव व राहुल अव्वल रहे। लोंग जंप में कार्तिक,हितेश सिंह व करण तंवर ने अपनी प्रतिभा दिखाई। डिस्कस थ्रो में गुरसेवक,ऋतिक कुमार व राहुल ने पहले तीन स्थान पर बाजी मारी। हाई जंप में हितेश,कारण तंवर व कार्तिक शर्मा पहले,दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों के हाई जंप में सानिया,प्रीति कुसुम विजेता रही। 200 मीटर में प्रीति,अर्पिता अंजलि ने बाजी मारी। 400 मीटर में अर्पिता,आरजू,प्रीति ने दम दिखाया। 5 हजार मीटर में प्रीति,अर्पिता व रितिका पहले तीन स्थान पर कब्जा जमाने में कामयाब रही। 10 हजार मीटर में अंकिता,लविका व शीतल विजेता बनी। शाटपुट गर्ल्स में अर्पिता, लिशिका,प्रिया ने बाजी मारी। लोंग जंप में प्रीति,अर्पिता अंजलि विजेता बनी। गर्ल्स जेवलिन थ्रो में कोमल,सानिया,कुसुम विजेता बनी। ट्रिपल जंप में प्रीति,कुसुम व सानिया पहले,दूसरे व तीसरे स्थान पर रही।



अंबाला। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि व शिक्षक।

### किसान प्राकृतिक खेती अपना कर बढाएं पैदावार

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र जींद द्वारा गांव पौली में प्राकृतिक खेती पर ग्रामस्तरीय जागरूकता कैंप का आयोजित किया गया। हमेटी के प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक डा. सुभाष चंद्र ने किसानों से प्राकतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया की प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। इस अवसर पर जिला विस्तार विशेषज्ञ डा. प्रीति मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया तथा प्राकृतिक खेती के तरीकों से अवगत करवाया। बीजामृत, जीवामृत व घनजीवामृत बनाने की विधि के बारे में किसानों को जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के विभिन घटकों पर प्रकाश डाला तथा किसानों से इस पद्धति से खेती करना का आग्रह किया। पंजाब नेशनल बैंक सच्चाखेड़ा से आए डा. रमन ने किसानों को बैंक द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं के बारे में जानकारी दी और किसानों को स्कीमों का लाभ लेने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# 400 मीटर रेस में रोबिन प्रथम व सौरभ द्वितीय

- खेलकूद प्रतियोगिता का पूर्व विधायक सैनी ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 38वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी द्वारा किया गया। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व विधायक व प्रभारी प्रकोष्ठ एवं विभाग भारतीय जानता पार्टी, हरियाणा डॉ. पवन सैनी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्या खुर्शीला ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तत्पश्चात मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती का आशीर्वाद लिया गया । प्राचार्या ने मुख्यातिथि का महाविद्यालय पहुंचने पर आभार प्रकट करते हुए उनके जीवन की उपलब्धियों के बारे में विद्यार्थियों को बताया और विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि डॉ पवन सैनी ने खिलाड़ियों का प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धक शब्द कहे और विद्यार्थी जीवन में अनुशासन में रहने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं और सभी को इसमें भाग लेना चाहिए। राजकीय महाविद्यालय पंचकुला से प्रोफ़ेसर प्रताप सिंह के सहयोग से कॉलेज में एथलेटिक मीट का आयोजन करवाया जा रहा है । यह 38 वी खेलकूद प्रतियोगिता प्रो संजीव कुमार अंग्रेज़ी विभाग की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। मुख्यातिथि ने 38वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की।महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं जैसे- दौड़ , शॉट पुट और लाँग जम्प आदि प्रयोगिताएं करवाई गई।

प्रतियोगिताओं में 400 मी. दौड़ लड़कों में प्रथम स्थान रोबिन बीए प्रथम वर्ष,द्वितीय स्थान सौरव बीए द्वितीय वर्ष और तृतीय स्थान गौरव बीसीए द्वितीय वर्ष तथा लड़कियों में प्रथम स्थान मोना बीए प्रथम वर्ष,द्वितीय स्थान मनीषा बीए तृतीय वर्ष और तृतीय स्थान पलक बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।मंच का संचालन प्रो जगदीप सिंह तथा प्रो अशिमा ने किया ।महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने इस खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अपनी अहम भूमिका निभाई।



नारायणगढ़। विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।

### जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन

**जींद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में हैल्प चैकअप कैम्प व जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया । जेल लोक अदालत में दो मामले विचाराधीन रखे गए। जिसमें से एक मामले का निपटारा कर आरोपित को रिहा करने के आदेश पारित किए गए। जेल लोक अदालत महीने के पहले बुधवार व तीसरे बुधवार को लगाई जाती है। प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कैदियों हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना। सीजेएम ने कैदियों से अपील की कि यदि कअपने केस की पैरवी के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाएं के लिए प्राधिकरण के अधीन वकील की सेवाएं ले सकते हैं।